भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1524
12 दिसम्बर, 2023 को उत्तर देने के लिए

मोटे अनाज से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात

1524. श्री विष्णु दत्त शर्मा:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश राज्य से मोटे अनाज से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात में वृद्धि करने के लिए कोई कदम उठाए हैं क्योंकि राज्य की कृषि-जलवायु परिस्थितियां मोटे अनाज की खेती के लिए बहुत उपयुक्त हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
(श्री पशुपति कुमार पारस)

(क) से (ग) : कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) को निर्यात संवर्धन प्रयास, गुणवत्ता,बाज़ार विकास के माध्यम से सहायता प्रदान करते हुए, मिलेट और मिलेट-आधारित खाद्य उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने का काम सौंपा गया है। एपीडा की पहल में क्षमता निर्माण, क्रेता-विक्रेता की वर्च्युयल बैठक, एक समर्पित मिलेट वेब पोर्टल और ई-कैटलॉग के साथ एक वैश्विक विपणन अभियान शामिल है। स्टार्ट-अपों, संस्थानों, और निर्यात संवर्धन फोरम (ईपीएफ) की स्थापना के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भी मिलेट आधारित भोजन उत्पादों के निर्यात में योगदान दिया है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने रेडी टू कूक/रेडी टू ईट (आरटीसी/आरटीई) वस्तुओं में मिलेट के प्रयोग को बढ़ावा देने, मूल्य संवर्धन और बिक्री बढ़ाने हेतु मिलेट आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएमबीपी) के अंतर्गत ₹ 800 करोड़ आवंटित किए हैं। इस योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश सहित तीस आवेदन स्वीकृत किए गये हैं। मिलेट-आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग भी खा.प्र.उ.मं. (एमओएफपीआई) की प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) और प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) जैसी योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। पीएमएफएमई ने मिलेट पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मध्य प्रदेश, बालाघाट, भिंड, डिंडोरी और मंडला में ओडीओपी पद्धति को अपनाया। खा.प्र.उ.मं. (एमओएफपीआई) ने 3 से 5 नवंबर तक नई दिल्ली में 'वर्ल्ड फूड इंडिया वर्ष 2023' के दूसरे चरण की मेजबानी की । इस कार्यक्रम ने विश्व स्तर पर उत्पादों और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों में मिलेट-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी के साथ मिलेट-आधारित खाद्य उद्योग को प्रदर्शन के लिए एक मंच प्रदान किया।

*****